## सार-समाचार

### बड़े मंदिर में पंच परमेष्ठी विधान

**नसीराबाद,** (निसं)। नववर्ष के शुभ अवसर पर श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति, नसीराबाद की ओर से मुख्य बाजार स्थित बड़े मंदिर में पंच परमेष्ठी विधान का आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक गरिमा के साथ किया गया। विधानाचार्य विशाल भैया, अजमेर ने विधि-विधान को अत्यंत प्रभावशाली एवं भावपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। विधान के दौरान तीन यजमान जोड़ों ने इन्द्र-इन्द्राणी स्वरूप में सहभागिता निभाते हुए धर्म लाभ अर्जित किया।

### बिल को लेकर बवाल

**अजमेर,**। जयपुर रोड स्थित कार शोरूम व सर्विस सेंटर पर कार सर्विस बिल को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। शोरूम संचालक ने कांठोस नेता सौरभ बजाड और उनके ड्राइवर पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया। घटना के बाद थाने में देर रात तक दोनों पक्षों की मौजूदगी में माहौल गरम रहा और मारपीट का मेडिकल करवाने और एफआईआर दर्ज करवाने की बात को लेकर पुलिस से बहस होती रही। शोरूम संचालक गोविंद गर्ग के अनुसार बुधवार को कांठोस नेता की कार सर्विसिंग के लिए वर्कशॉप पर आई थी। सर्विसिंग के बाद कर्मचारियों ने ड्राइवर को 5 हजार 8 सौ रुपये का बिल सौंपा। गर्ग का आरोप है कि भुगतान मांगने पर ड्राइवर ने नेता से बात कराने को कहा। बातचीत के बाद बिल देने से इनकार किया गया और बहस शुरू हो गई। शिकायत में कहा गया है कि इसके बाद ड्राइवर, कथित रूप से नेता की सहमति से बिना बिल चुकाए वाहन को तेज गति से वर्कशॉप से निकालकर ले गया। गर्ग का आरोप है कि इसी घटनाक्रम के बाद कांठोस नेता शोरूम पहुंचे और आते ही गाली-गलौज व हाथापाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि बजाड़ ने उनका गला दबाने का प्रयास किया गया तथा कर्मचारियों ने बीच.बचाव कर उन्हें बचाया। मारपीट में उनकी आंख के पास और सिर में चोटें आई है। घटना के बाद गर्ग अपने साथियों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। वहीं पुलिस स्तर पर पहले शिकायत लेकर जांच व मेडिकल की प्रक्रिया अपनाने की बात कही गई। इस पर गर्ग ने पहले अपना मेडिकल कराने और दूसरे पक्ष का भी मेडिकल कराने की मांग रखते हुए देर रात तक थाने में विरोध दर्ज कराया। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल देव ने शिकायत ले ली। पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों चिकित्सकीय रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती -2024

**अजमेर,** (कास)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती -2024 के अंतर्गत 4 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती अंतर्गत पात्रता जांच के लिए जारी विचारित सूची 10 दिसंबर 2025 में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच के बाद विज्ञापित पदों के विरुद्ध मुख्य सूची जारी की गई है।

### बूंदा-बांदी से तापमान में गिरावट

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ शहर साहित उपखंड क्षेत्र में घने कोहरे व बूंदा बांदी के साथ शीतलहर का असर देखने को मिला वहीं अलसुबह से वातावरण में नमी बढ़ने के कारण सर्दी महसूस हुई। कड़ाके की सर्दी से लोग अलाव तापते नजर आए। हुवी मावट से फासलों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

### डिग्गी कल्याण मंदिर के लिए श्रद्धालु रवाना

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ शहर में पदयात्रियों का एक दल गुरुवार को भगवान डिग्गी कल्याण के लिए रवाना हुवे वहीं यह पदयात्रा शनिवार को भगवान डिग्गी कल्याण धाम पहुंचेगी। यह पदयात्रा गुरुवार को सुबह भगवान मथुराधीश मंदिर परिसर से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। यह पदयात्रा सदर बाजार, गांधी चौक, बस स्टैंड, सीनियर विद्यालय मार्ग से होकर भोटोलाव, हिंगोनिया, जूनिया होते हुए व उनियारा पहुंचेगा। जहां रात्रि विश्राम होगा। शुक्रवार को मालपुरा व शनिवार को भगवान डिग्गी कल्याण मंदिर पहुंचेगी वहीं इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु नाचते गाते व भगवान डिग्गी कल्याण के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे इस पदयात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

# मीरा स्मारक को कैलेंडर में शामिल करने पर खुशियां मनाई

- मीरा स्मारक को लेकर मेड़ता और आस पास के क्षेत्र में काफ़ी उत्साह है कि विश्व प्रसिद्ध मीरा स्मारक को राज्य सरकार ने एक अलग आयाम देने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित पैनोरमा में रोल मॉडल बनकर उभरे मीरा बाई स्मारक को सरकार द्वारा 2026 के प्रकाशित वार्षिक कलंडर में शामिल किया गया है। इसको लेकर शुक्रवार को मीरा जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी व्यक्त की और पर्यटन मंत्री उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी तथा विधायक लक्ष्मण राम कलरू का आभार जताया। गहलोत ने बताया कि सरकारी केलेंडर के विश्व प्रसिद्ध मीरा बाई एव चारभुजा नाथ मंदिर की वजह से आज मीरा नगरी की पहचान विश्व भर में है जिसके चलते प्रति वर्ष लाखो की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु यहाँ आते है।

मीरा स्मारक को लेकर मेड़ता और आस पास के क्षेत्र में काफ़ी उत्साह है कि विश्व प्रसिद्ध मीरा स्मारक को राज्य सरकार ने एक अलग आयाम देने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है। मीरा स्मारक में एकत्रित होकर मीरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष,पदाधिकारियों सहित आम लोगो ने खुशी ज़ाहिर की। मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत ने कहा कि ''इस बार 521 वे मीरा महोत्सव के आयोजन का निमंत्रण देने जब हमारी समिति का प्रतिनिधि मंडल विधायक लक्ष्मण राम के साथ दीया कुमारी के पास पहुंचे।

तब विधायक जी सहित हम सभी ने उनसे आठाह किया था कि मीरा महोत्सव और मीरा समारक, चारभुजा नाथ मंदिर की ख्याति और ज्यादा बढ़ सके। देश विदेश के लोगों के लिए यह प्रमुख स्थान बन सके इस दिशा में काम होना चाहिए। इस निवेदन को स्वीकार कर उन्होंने मीरा महोत्सव को सरकारी कलेंडर में शामिल किया जिसके परिणाम स्वरूप 521 वे मीरा महोत्सव के कार्यक्रमों की चमक पर्यटन विभाग के वेबसाइट और उनके सोशियल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखने को मिला। चूँकि दीया कुमारी जी लगाव मेड़ता के साथ लंबे समय से है उसी का परिणाम है कि मीरा स्मारक को पंच गौरव योजना में शामिल करने के उपरांत अब सरकारी कैलेंडर में स्थान मिला है। इस उपलब्धि में इतने वर्षों से लगातार कार्य कर रही मीरा महोत्सव की अभी तक की सभी समितियों, सामजिक संगठनों,जन प्रतिनिधियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, पुजारी परिवार,स्थानीय नागरिकों का भी अहम योगदान है। हम सभी बेहद खुश है। निकट भविष्य में पर्यटन के क्षेत्र में मेड़ता के विकास में नए आयाम स्थापित होंगे ऐसा हम सभी मेड़ता क्षेत्र वासियो उम्मीद है।

इस मौके पर मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत, संरक्षक दशरथ सारस्वत,विक्रम शर्मा गुरु, उमा शर्मा रजत ,पवन परतानी, सचिव रवि प्रकाश कमेडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सांखला ,सह सचिव कैलाश गौड़ , लाहोटी,फ़क़ीरचंद शर्मा, लोक अभियोजक अभिमन्यु शर्मा, मुन्नाराम प्रजापत , रमजीराम गहलोत, नरेंद्र लाहोटी, मनोज सोनी बुटाटी,चम्पा लाल शर्मा ,रामेश्वर सोनी ,पन्नालाल सांखला ,मोतीराम प्रजापत, रवीन्द्र गहलोत, ऋषि भाटी, जगदीश माली, लक्ष्मण राम,बंशीलाल मंगरोला ,शेखर सांखला, प्रेम प्रकाश रुनवाल, राहुल भाटी, दिनेश गहलोत,रमेश चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने खुशी व्यक्त की।

# नए साल की शुरुआत बारिश की फुहारों के साथ

- बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठिठुरन

**अजमेर** (कास)। अजमेर में नए साल की शुरुआत बारिश की फुहारों के साथ हुई। बुधवार देर रात और गुरुवार अल सुबह से शुरू हुई हल्की बूंदाबांदी व सर्द हवाओं ने अजमेर शहर सहित जिले ठामीण क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं कई इलाकों में सुबह के समय बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही कम रही। चाय की थडिय़ों पर ऊनी कपड़ों में ठाहक अलाव तापते नजर आए।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार दिन चढऩे के साथ बादल छंटे और हल्की धूप निकली, जबकि अगले दो दिनों में रात का पारा और नीचे गिर सकता है, नमी के कारण सुबह-शाम कोहरे जैसी स्थिति बनने पर संभावना है। ठंड व नमी से स्वास्थ्य पर डबल अटेक - जेएलएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि नमी वाली ठंड में सर्दी-खांसी, गले में संक्रमण, अस्थमा, सीओपीडी के मरीजों की परेशानी और जोड़ों के दर्द की शिकायत बढ़ सकती है। उन्होंने सलाह दी गई है कि बुजुर्ग और बच्चे सुबह बहुत जल्दी बाहर निकलने से बचें। सिर कान ढककर रखें, गुनगुने पानी-सूप का सेवन करें और भीगी जगहों पर देर तक न रहें। जिन लोगों को सांस की तकलीफ रहती है, वे इनहेलर/दवा साथ रखें और लक्षण बढऩे पर जांच कराएं। डॉ. सामरिया ने कहा कि मौसम साफ होने पर भी धुंध और हवा के कारण सतर्कता जरूरी है,विशेषकर सुबह और देर शाम।

फसलों को मिला टॉनिक - ठामीण इलाकों में इस हल्की बारिश को रबी फसलों के लिए लाभकारी माना जा रहा है। गेहूं, चनाए सरसों और अन्य रबी फसलों के लिए यह नमी मिट्टी में नेचुरल सिंचाई जैसा काम करती है। खासकर जहां बुवाई के बाद ऊपर की सतह सूखने लगी थी। हालांकि कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि नमी ज्यादा समय तक बनी रही तो सरसों में कीट-फफूंद और गेहूं में रोग की आशंका बढ़ सकती है। उन्होंने सलाह दी है कि किसान खेतों में जलभराव न होने दें, फसल की पत्तियों पर दाग-पीला पडऩे जैसे लक्षण दिखें तो समय पर सलाह लेकर उपचार करें।

# त्रयोदश दीक्षांत समारोह की सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**अजमेर,** (कास)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में हाल ही में संपन्न हुए त्रयोदश दीक्षांत समारोह की ऐतिहासिक, भव्य एवं अनुकरणीय सफलता के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिवार द्वारा एक स्नेह मिलन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन औपचारिक धन्यवाद से कहीं आगे बढ़कर विश्वविद्यालय परिवार की एकता, समर्पण और पारिवारिक भावना का सशक्त प्रतीक बना। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्यगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, विभिन्न समितियों के संयोजक व सदस्य तथा आयोजन से जुड़े सभी कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षिणक आयोजन नहीं था, बल्कि यह विश्वविद्यालय की सामूहिक चेतना, कार्य संस्कृति और टीम भावना का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य ने बिना यह देखे कि कार्य छोटा है या बड़ा, समय है या नहीं, पूरे मनोयोग और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। यह मेरा काम नहीं है जैसी भावना का कहीं भी अभाव रहा और सभी ने विश्वविद्यालय को अपना परिवार मानकर कार्य किया। इसी सामूहिक समर्पण का परिणाम रहा कि आयोजन न केवल सफल रहा, बल्कि दूर-दूर तक उसकी सकारात्मक गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम में दीक्षांत समारोह पर बनाये गये कार्यवृत्त का भी विमोचन प्रो सुरेश कुमार अठावाल कुलगुरु द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार अठावाल के नेतृत्व की विशेष रूप से प्रशंसा की गई। कुलसचिव ने कहा कि कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार अठावाल की दूरदर्शी सोच, सूक्ष्म अवलोकन क्षमता और समावेशी दृष्टिकोण के कारण यह सुनिश्चित किया गया कि विश्वविद्यालय परिवार का कोई भी सदस्य, जो योगदान देना चाहता है, वंचित न रहे। प्रत्येक व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुरूप दायित्व देकर, छोटी-से-छोटी बात पर भी संज्ञान लेते हुए कार्य संपादन कराया गया, जो सशक्त और संवेदनशील नेतृत्व का दुर्लभ उदाहरण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी एवं कार्मिक का व्यक्तिगत आभार ज्ञापित करते हुए कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार अठावाल ने कहा कि पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों-विशेषकर संविधान दिवस समारोह-से प्राप्त अनुभवों और सीख को इस दीक्षांत समारोह की तैयारियों में प्रभावी ढंग से लागू किया गया।

जहाँ कहीं भी पूर्व आयोजनों में कमियाँ दृष्टिगोचर हुई थीं, उन्हें सामूहिक प्रयास से दूर किया गया। यह सतत सुधार की भावना विश्वविद्यालय की प्रगतिशील कार्यसंस्कृति को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में सजावट, स्वच्छता, मंच व्यवस्था, अतिथि सत्कार, अनुशासन, सुरक्षा, तकनीकी व्यवस्थाएँ और सौंदर्यकरण अत्यंत उच्च स्तर का रहा। इसकी सराहना राजभवन स्तर से भी प्राप्त हुई, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## विकास कार्यों का उद्घाटन

**डीडवानी।** विधानसभा क्षेत्र डीडवाना में विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री यूनुस खान ने गुरुवार को ठाम छापरी खुर्द, सरदारपुरा कलां एवं बेगसर में विभिन्न मदों से हुए 44 से अधिक विकास कार्यों का उद्घाटन, शुभारंभ एवं अनावरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

छापरी खुर्द में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक यूनुस खान ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता के हितों के लिए वे सदैव तत्पर रहे हैं और आगामी तीन वर्षों तक यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भले ही वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार जैसी न हो, लेकिन जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें विधायक बनाकर भेजा है, वे उस विश्वास की पैरवी पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। खान ने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद वे पूरे विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं और ठाम पंचायतों के सरपंचों के लिए उनके द्वार सदैव खुले हैं।

# सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**अजमेर,** (कास)। जिले में गुरूवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सम्भागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़ द्वारा सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का शुभारम्भ करने के उपरान्त सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एक जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जाएगा। इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह की थीम सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन है।

संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ द्वारा सड़क सुरक्षा माह के प्रथम दिवस प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अजमेर में सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्रीमती सुमन भाटी द्वारा समस्त अधिकारियों को प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया एवं अवगत कराया कि यह प्रदर्शनी सम्पूर्ण माह के दौरान अवलोकन के लिए खुली रहेगी। इसमें कार्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले आगुंतकों एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की प्रति जागरूक करके लाभान्वित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा माह के दौरान आमजन को जागरूक करने के लिए सम्भागीय आयुक्त राठौड़ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सड़क सुरक्षा रथ अजमेर जिले के विभिन्न 50 से अधिक ठाम पंचायतों में जाकर ठामवासियों को सड़क सुरक्षा सामठी वितरित करेगा। संदेशों द्वारा सड़क सुरक्षा संदेशों का प्रचार प्रसार करेगा। इसके माध्यम से वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही यातायात नियमों, सड़क चिह्नों, यातायात नियम उल्लंघन पर लगने वाले जुर्माने के बारे में बताया जाएगा। आमजन को दुर्घटना होने पर चिकित्सक या एम्बुलेंस के पहुंचने तक प्राथमिक सहायता तथा गुड सेमेरिटन (राहवीर) के लिए जागरूक किया जाएगा।

# निजी महाविद्यालय द्वारा कुलगुरु को धमकी देने की घटना की आरएसयूओए ने की कड़ी निंदा

**अजमेर,** (कास)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अठावाल को निजी महाविद्यालय के नियमविरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से कथित रूप से अपशब्द कहे जाने एवं धमकी देने के मामले को लेकर राजस्थान स्टेट यूनिवर्सिटीज़ ऑफिसर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एसोसिएशन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश के राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा सैकड़ों निजी महाविद्यालयों को समबद्धता प्रदान की जाती है, जहां नियमानुसार कार्य करने पर इस प्रकार की धमकी देना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। यह आचरण न केवल विश्वविद्यालय की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि इसे दुराचरण की श्रेणी में भी रखा गया है। आरएसयूओए ने निजी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किए गए इस कृत्य की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के गरिमामय कुलगुरु पद को सुशोभित करने वाले प्रो. सुरेश कुमार अठावाल के साथ इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है। एसोसिएशन ने मांग की है कि कुलगुरु से अभद्रता करने वाले महाविद्यालय प्रबंधन एवं इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कानून सम्मत सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि वह विश्वविद्यालय अधिकारियों की गरिमा, स्वायत्तता और नियमों के अनुसार कार्य करने के अधिकार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

# नए साल की खुशियाँ मातम में बदलने से टली

- प्रशासन की अनदेखी और चालक की लापरवाही
- बड़ा हादसा होने से टला

**ब्यावर** (निसं) मसूदा रोड स्थित तिजारती गौशाला की दीवार से जुड़ा रास्ता जो की पंचशील नगर,जागीरदार कॉलोनी,लक्ष्मी नगर,लोहार कॉलोनी और पारस कॉलोनी को जोड़ता है। वर्ष के पहले दिन ही एक ट्रेक्टर जिसकी ट्रॉली में कंक्रीट भरी हुई थी उबड़ खाबड़,क्षितठास्त और टूटे फूटे रास्ते की वजह से असंतुलित हो गया और ट्रॉली पलटी खा गई। उसी समय लौहार कॉलोनी में रहने वाली दो यूवतिया अपनी स्कूटी से उधर निकल रही थी जो उसके चपेट में आकर नीचे दब गई। पलटने की आवाज़ सुनकर आसपास से गुज़रने वाले लोग भागकर आये और आनन फानन में येन केन प्रकारेण उन दोनों यूवतियो को खींचकर बाहर निकाला और राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय ईलाज हेतु लेकर गए। इसी दरम्यान स्कूटी को भी बाहर निकाला जो कई क्षितठास्त हो गई थी। गौरतलब है की इस दुर्घटना में एक यूवति के पाँव फ्रेक्चर हो गया और दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। खुशकिस्मती से दोनों यूवतियो की जान बच गई वरना दो घरो में नया साल मातम का साल बन जाता। दोनों यूवतियो में से एक नवविवाहिता थी जिनके पिता रमेश चंद्र लौहार और राजकुमार इस घटना से भयभीत हो गए। चूँकि दोनों ही छोटी मोती मज़दूरी करके आपा परिवार चलाते है उनके लिए ये हादसा बहुत बड़ी परेशानी लेकर खड़ा हो गया। आसपास ले लोगो ने ट्रेक्टर वाले को रोककर रखा और दोनों यूवतियो के लिए होने वाले चिकित्सा और स्कूटी को दुरस्त करवाने हेतु होने वाली खर्च राशि को दिलवाया। गौरतलब है की इसी रास्ते से इन पांच कॉलोनी के लोगो का आवागमन रहता है यह रास्ता एक नाले के ऊपर सरिये,कंक्रीट आदि से नगर परिषद द्वारा ही बनवाया गया था। चूँकि तमाम सावधानी के बावजूद इस रास्ते से भारी वाहन ट्रक,डम्पर,भरी हुई ट्रेक्टर ट्रॉलियां आदि की भी इधर से आवा जावी शुरू हो गई थी नाले के ऊपर बना रास्ता धीरे धीरे क्षितठास्त होता गया और तीन बड़े बड़े खड्डे बन गए जिसमे से सरिये भी बाहर निकल गए। कई बार इन सरियो में अटककर भी दुर्घटनाये हो चुकी है। पिछले दो सालो से ये रास्ता क्षितठास्त है,दुर्घटनाये हो रही है,नगर परिषद प्रशासन को शिकायत भी दर्ज़ करवाई गई लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे सभी कॉलोनी के वाशिंदो में रोष व्याप्त है।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/5418 आपत्ति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 29-12-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | ओमप्रकाश नवाल पुत्र रतनलाल नवाल | आबादी क्षेत्र भंवरबाड़ी बिजयनगर ब्लॉक नं. 62 आबादी भूखण्ड संख्या 01 का पूर्वी-दक्षिणी दिशा का हिस्सा | 54.74 वर्गमीटर |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/5414 आपत्ति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 29-12-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्पतराज नवाल पुत्र रतनलाल नवाल | आबादी क्षेत्र भंवरबाड़ी बिजयनगर ब्लॉक नं. 62 आबादी भूखण्ड संख्या 01 का पश्चिमी दिशा का हिस्सा | 63.19 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/5422 आपत्ति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 29-12-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | चिरंजीलाल नवाल पुत्र रतनलाल नवाल | आबादी क्षेत्र भंवरबाड़ी बिजयनगर ब्लॉक नं. 62 आबादी भूखण्ड संख्या 01 का उत्तरी दिशा का हिस्सा | 86.44 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./नामा/2025/5406 आम सूचना दिनांक :29-12-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी। नामान्तरण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | मूल आंवटी/ नामान्तरण | भूखण्ड का विवरण | भूखंड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 423 | चन्द्रशेखर पुत्र बाबुलाल | भंवरी देवी पत्नि रामस्वरूप वर्मा | राजीव कॉलोनी ख.सं.102,103 भू.सं. 18 व 19 | 222.22 SQ.Yard | आवासीय |
| 424 | चन्द्रशेखर पुत्र बाबुलाल | भंवरी देवी पत्नि रामस्वरूप वर्मा | राजीव कॉलोनी ख.सं.70,71/ 1,72/1 93/1 भू.सं. 34 व 32 का आधा हिस्सा | 187.49 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./नामा/2025/5250 आम सूचना दिनांक :22-12-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी। नामान्तरण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | मूल आंवटी/ नामान्तरण | भूखण्ड का विवरण | भूखंड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 392 | 1. दिलीप्रीत सिंह पुत्र गुरूबचन सिंह 2. गुरूचरण कौर उर्फ हरचरण कौर पत्नि गुरूबचन सिंह | मंगल सिंह पुत्र विशनसिंह | आबादी क्षेत्र पीपली चौराहा के पास ब्लॉक नं. 13 नया ब्लॉक नं. 55 प्लाट नं. 10 का हिस्सा | 66.15 SQ.Yard | आवासीय |
| 390 | 1. हरजीत कौर पत्नि अजीत सिंह 2. गुरूप्रीत सिंह पुत्र अजीत सिंह | मंगल सिंह पुत्र विशनसिंह | आबादी क्षेत्र पीपली चौराहा के पास ब्लॉक नं. 13 नया ब्लॉक नं. 55 प्लाट नं. 10 का हिस्सा | 108.83 SQ.Yard | आवासीय |
| 393 | 1. दिलीप्रीत सिंह पुत्र गुरूबचन सिंह 2. गुरूचरण कौर उर्फ हरचरण कौर पत्नि गुरूबचन सिंह | मंगल सिंह पुत्र विशनसिंह | आबादी क्षेत्र पीपली चौराहा के पास ब्लॉक नं. 13 नया ब्लॉक नं. 55 प्लाट नं. 10 का हिस्सा | 111.91 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

सुनिश्चित कीजिए उनकी मुस्कुराहट
प्लस सुरक्षा
एलआईसी का
प्रोटेक्शन प्लस
पेश है
विशेषताएँ:
आपकी आवश्यकताओं के अनुसार अनेक निवेश फंड विकल्प उपलब्ध
अपनी जोखिम बीमा-सुरक्षा बढ़ाएँ, टॉप अप प्रीमियम भुगतानों के साथ
आयु एवं अवधि के अनुसार उच्च बीमा राशि चुनने का विकल्प
5 वर्ष बाद आंशिक निकासी की अनुमति
प्लान सं.: 886 यूआईएन: 512L361V01
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान
ऑनलाइन भी उपलब्ध
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें
विज़िट करें: www.licindia.in
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2025-26 /20/Hin
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध